# 245 लाख रू. के विकास कार्यो का भूमिपूजन, लोकार्पण किया महापौर ने




कोरबा 04 मार्च 2019—महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज अपने जन्मदिवस की सौगात देते हुए निगम के कोसाबाड़ी क्षेत्र में 245 लाख रूपये के विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन व लोकार्पण किया, इसमें 108 लाख रूपये के कार्यो का भूमिपूजन व 137 लाख रूपये की लागत वाले कार्यो का लोकार्पण शामिल है।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोसाबाड़ी क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 30 मानिकपुर के बाजार का विकास कार्य 37 लाख 89 हजार रूपये की लागत से कियाना हैं, इसी प्रकार वार्ड क्र. 30 मानिकपुर बस्ती में 11 लाख 66 हजार रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाना हैं। वार्ड क्र. 32 सतनाम नगर में 07 लाख 64 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी.रोड का निर्माण, वार्ड क्र. 17 मानसनगर में 17 लाख 45 हजार रूपये की लागत से नाली एवं पुलिया का निर्माण, वार्ड क्र. 24 महाराणा प्रतापनगर में 41 लाख 17 हजार रूपये की लागत से सीवरलाईन का निर्माण तथा वार्ड क्र. 27 अंतर्गत पोखरी के पास स्थित मुक्तिधाम में 12 लाख 50 हजार रूपये की लागत से बाउण्ड्रीवाल का निर्माण निगम द्वारा कराया जाना हैं। आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने नगर पालिक निगम आवासीय परिसर स्थित भगवान महामृत्युंजय मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इन सभी कार्यो का भूमिपूजन किया तथा शिलान्यास पट्टिका का अनावरण कर विकास कार्यो का शुभारंभ कराया। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया है, उन कार्यो को त्वरित रूप से प्रारंभ करवाए तथा निर्माण कार्य के दौरान कार्य की गुणवत्ता पर पूरा ध्यान रखें। कार्यक्रम के दौरान सभापति धुरपाल सिंह कंवर, पूर्व सभापति संतोष राठौर, मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी, सीताराम चौहान, रामगोपाल कुर्रे, सुनीता राठौर, पार्षद महेन्द्र सिंह चौहान, सुशील गर्ग, दिनेश वैष्णव, मनहरणलाल राठौर, पालूराम साहू, मुकेश राठौर, श्यामसुंदर सोनी, संगीता सक्सेना, कुसुम द्विवेदी, सपना चौहान, क्रांति सोनी, पद्मा वर्मा, प्रेमा शुक्ला, गौरी चौहान, सीमा उपाध्याय, द्रौपदी वितारी, शांता मडावे, संतोष लांझेकर, मुख्य लेखाधिकारी पी.आर.मिश्रा, कार्यपालन अभियंता ए.के. शर्मा, एवं आर.के. माहेश्वरी, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के. सारस्वत, संजय तिवारी, तपन तिवारी, एन.के. नाथ, जी.एस.शर्मा, आनंद गुप्ता,

आनंद राठौर, अरूण बघेल, योगेन्द्र देवांगन , गोयल सिंह विमल, हरिशंकर साहू, जी.एस.चंदेल, गोविंद पालीवाल, भावेश यादव, अजय शुक्ला, अरूण वर्मा, उत्तम साहू, छेदीलाल साहू, दीनदयाल साहू, रामप्रसाद मिरी, मनोज श्रीवास, रामखिलावन साहू आदि के साथ काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

<u>10 नग वाटर ए.टी.एम. लोकार्पित</u>– नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निगम क्षेत्र के विभिन्न चौक–चौराहों व प्रमुख स्थानों पर 01 करोड़ रूपये की लागत से 10 नग वाटर ए.टी.एम. स्थापित कराए गए हैं, आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इन सभी वाटर ए.टी.एम. को लोकार्पित किया, उन्होने लोकार्पण पटि्टका का अनावरण कर सभी ए.टी.एम. को आमजनता की सेवा में समर्पित किया।

<u>एम.पी.नगर में नवनिर्मित उद्यान का लोकार्पण</u>– नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अमृत मिशन योजनांतर्गत महाराणा प्रताप नगर में 26 लाख 54 हजार रूपये की लागत से उद्यान का निर्माण कराया गया है, इस उद्यान में बच्चों के लिए खेलकूद व मनोरंजन उपकरण, सोलर पम्प आदि के साथ हार्टीकल्चर संबंधी कार्य किए गए हैं। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज उक्त उद्यान को भी जनसेवा में समर्पित किया।

<u>बौद्ध विहार में मेडिटेशन हाल का लोकार्पण</u>– नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 25 अंतर्गत मुड़ापार स्थित तक्षशिला बौद्ध विहार में 10 लाख रूपये की लागत से मेडिटेशन हाल का निर्माण कराया गया है। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज उक्त नवनिर्मित मेडिटेशन हाल का भी लोकार्पण किया, उन्होने लोकार्पण पटि्टका का अनावरण एवं फीता काटकर मेडिटेशन हाल को जनसेवा में समर्पित किया। इस लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने महापौर के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में गुलाब फूल व पुष्पगुच्छ भेंटकर उन्हें बधाई दी तथा जन्मदिवस का केक काटा गया।

इस अवसर पर सभापति धुरपाल सिंह कंवर, जिला कांग्रेस कमेटी की ग्रामीण अध्यक्ष ऊषा तिवारी, पूर्व सभापति संतोष राठौर, मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी, पार्षद सिमरनजीत कौर, ऋषिकर भारती, पूर्व पार्षद महेश अग्रवाल, शैलेन्द्र सिंह, डॉ.के.पी.तिवारी, रश्मि सिंह, कुसुम द्विवेदी, सपना चौहान, क्रांति सोनी, गणेश बमबोले, गौरी चौहान आदि के साथ काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

<u>काटा गया जन्मदिवस का केक</u>– विभिन्न स्थानों में आयोजित भूमिपूजन लोकार्पण कार्यक्रमों के दौरान उत्साहित लोगों ने महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के जन्मदिवस का केक काटा। स्मृति उद्यान के समीप, महाराणा प्रतापनगर, नगर निगम आवासीय परिसर एवं मुड़ापार बौद्ध विहार परिसर में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान केक काटा गया, इस मौके पर उपस्थित नागरिकों ने महापौर श्रीमती अग्रवाल को उनके जन्मदिवस की बधाईयां दी।